<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–23 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में आयोजित इंवेस्टर्स मीट में हुए शामिल। कहा– प्रदेश में स्थापित होंगे मेगा टेक्सटाइल पार्क के 10 एक्सटेंशन केंद्र।
- मुख्यमंत्री ने की बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक। कहा– शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर करें फोकस, कोई भी विद्यालय न हो शिक्षक विहीन।
- केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने गोरखपुर में किया नए खाद्यान्न भंडार गृह का शुभारंभ। कहा– वेयर हाउसिंग बिजनेस में तेजी से विकसित हो रहा है भारत।
- प्रदेश के कई जनपदों में हुई बारिश से तापमान में आई गिरावट। आज भी कई जनपदों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में पीएम मित्र योजना के तहत लखनऊ–हरदोई सीमा पर एक हजार एकड़ में प्रस्तावित मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क की स्थापना के लिये आयोजित इंवेस्टर्स मीट में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी विजन के अनुरूप भारत को टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करने के लिए महत्वाकांक्षी, प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एण्ड अपैरल स्कीम को आगे बढ़ाया गया है। यह पार्क प्रदेश को टेक्सटाइल पार्क के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ के टेक्सटाइल पार्क के साथ–साथ प्रदेश के अन्य स्थानों पर 10 नये टेक्सटाइल पार्क बनाएंगे।

***सरकार ने तय किया है कि उत्तर प्रदेश के अंदर यह केवल लखनऊ में यह इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क नहीं बनेगा बल्कि इसके बाद इको एक्सटेंशन सेंटर के रूप में 10 नये पार्क राज्य सरकार अपने स्तर से उत्तर प्रदेश के अंदर अलग–अलग स्थानों पर स्थापित करेगी। टेक्सटाइल के साथ–साथ लेदर के भी जो नये कलस्टर विकसित हो सकते है दो नये लेदर पार्क संत रविदास के नाम पर हम उत्तर प्रदेश के अंदर इसके साथ ही विकसित करने जा रहे हैं। पानी में उत्तर प्रदेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाता है और इन कार्यक्रमों को हम आगे बढ़ाने के लिये पूरी तरीके से इन कार्यक्रमों के साथ जुड़े है।***

श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश वस्त्र उत्पादन में 13 प्रतिशत योगदान के साथ देश में तीसरे स्थान पर है।

***वस्त्र उत्पादन में 13 फीसदी योगदान के साथ देश के अंदर तीसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश है ओर वर्तमान में इसके माध्यम से रोजगार भी प्रदान कर रहे है। प्रदेश ने तमाम अन्य संस्थान भी खड़े किये है। खासतौर पर एनआईएफटी रायबरेली, टेक्सटाइलस टेक्नोलॉजी इंडस्ट्रीज कानपुर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ भारत टेक्नोलाजी वाराणसी सभी इंस्टीट्यूट भी हमारे आगे बढ़े है जिन 80 निवेशकों ने यहां पे अपना निवेश उत्तर प्रदेश के अंदर किया है ऐसे 80 इकाइयों को हम लोगों ने 210 करोड़ रुपये का भी इंसेटिव उन्हें प्रदान किया है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। प्रदेश का कोई भी विद्यालय शिक्षक विहीन नहीं होना चाहिए। हमारा पूरा फोकस क्वालिटी ऑफ एजुकेशन पर होना चाहिए। श्री योगी ने कहा कि सभी आकांक्षात्मक जनपदों एवं विकास खंडों में शिक्षक छात्र का अनुपात बेहतर रहे। सरकार हर स्थिति में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक और जुलाई माह में 15 दिन का स्कूल चलो अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान शिक्षकों, ग्राम प्रधानों व ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा मिलकर इस प्रकार व्यवस्था की जाए कि यह स्कूल चलो अभियान बच्चों को एक उत्सव की भांति लगे।

**********

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने वर्ष 2011 से 2014 के बीच नोएडा स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के आवंटन, विकास और मंजूरी में अनियमितताओं के आरोपों के संबंध में दिल्ली और नोएडा में कई स्थानों की तलाशी ली है। सूत्रों के अनुसार इस संबंध में सीबीआई ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर विभिन्न कंपनियों, उनके निदेशकों और अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए हैं। तलाशी के दौरान, एजेंसी ने आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य और अन्य सामग्री बरामद की है।

**********

भारत का सकल घरेलू उत्पाद 10 वर्षों में एक सौ पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ दोगुना हो गया है। वर्ष 2015 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद दो लाख दस हजार करोड़ डॉलर था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर चार लाख तीस हजार करोड़ डॉलर हो गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, इस मामले में भारत अब अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा देश बन गया है।

**********

सरकार ने पहली अप्रैल से प्याज निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क वापस लेने का निर्णय लिया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार इससे किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और उपभोक्ताओं के लिए प्याज की उपलब्धता भी बनी रहेगी।

**********

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कल गोरखपुर में तारा मंडल स्थित सर्किट हाउस में बिहार दिवस पर प्रेस वार्ता की। श्री राय ने कहा कि बिहार में मां सीता का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीता मां से बिहार और उत्तर प्रदेश का सदियों से नाता रहा है।

**********

केन्दीय उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कल गोरखपुर के गीडा सेक्टर 26 में बने नए खाद्यान्न भंडार गृह का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वेयर हाउसिंग बिजनेस देश में तेजी से विकसित हो रहा है।

***वेयर हाउसिंग बिजनेस जो है देश में यह बहुत ही फास्ट ग्रोइंग इकोनॉकी है बिजनेस है और कारण यही है कि भारत मोदी जी के नेतृव में बहुत तेजी से आर्थिक प्रगति भारत में हो रहा है। भारत एक फास्टेस्ट ग्रेइंग इकोनामी ऑफ द वर्ल्ड है मैन्यूफैक्चरिंग ज्यादा हो रहा है और हमारा एग्रीकलचरल  प्रोडक्ट है उसका प्रोडक्शन भी ज्यादा हो रहा है ओर इसका एक्सपोर्ट वगैरह बहुत ही ज्यादा हो रहा है इसके कारण लॉजिस्टिक व्यवस्था में एक बहुत अहम पहल है ये हामरा वेयर हाउसिंग।***

**********

सरकार ने मुजफ्फरनगर से बांग्लादेश को 30 मीट्रिक टन जीआई–टैग वाला गुड़ निर्यात किया है। यह किसान उत्पादक संगठनों–एफपीओ और किसान उत्पादक कंपनियों–एफपीसी के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश को गुड़ के सीधे निर्यात की एक पहल है। इस निर्यात को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण द्वारा सुगम बनाया गया है।

**********

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कल लखनऊ स्थित सहकारिता भवन में सहकारिता से संबंधित योजनाओं और कार्यो की समीक्षा की। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री भूटानी ने सहकारी समितियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तकनीक और संसाधनो के प्रयोग पर जोर दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर नगर का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री योगी शहर में आयोजित होने वाले कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। सबसे पहले वह चुन्नीगंज में मेट्रो स्टेशन और कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद सर्किट हाउस स्थित प्रेसीडेंसियल सुइट निर्माण को देखने जाएंगे। मुख्यमंत्री सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक में मंधना–अनवरगंज एलीवेटेड रेलवे ट्रैक, यातायात, जयपुरिया व दादानगर क्रासिंग ओवरब्रिज समेत दूसरी योजनाओं पर चर्चा करेंगे। वह बिठूर महोत्सव के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

**********

प्रदेश के कई जनपदों में कल हुई बारिश की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। राजधानी लखनऊ में दोपहर बाद तेज आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं अयोघ्या मैनपुरी, हमीरपुर और फर्रूखाबाद जनपदों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया

***वेस्टर्न डिस्टबेंस है और साथ ही मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के एक बीच विंड डिसकनेक्टिंग लाइन है जिसको हम टफ लाइन बोलते है, जिसकी  आसार से वेस्टन यूपी में कुछ जगह ठंडर स्ट्रार्म डेवलप हुआ है। राजधानी लखनऊ में भी इसका असर देखा गया।***

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, प्रयागराज, संत रविदासनगर, वाराणसी, जौनपुर, प्रतापगढ़ समेत आसपास के कई जनपदों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है।

**********